तरंग शक्ति का द्विवार्षिक आयोजन

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में भारतीय वायु सेना (IAF) के प्रमुख **एयर चीफ मार्शल (ACM) वी.आर. चौधरी** ने भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा आयोजित सबसे बड़े बहुपक्षीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति को **द्विवार्षिक आयोजन** बनाने की की घोषणा की है।

- अभ्यास का **पहला चरण** 6 से 14 अगस्त तक **तमिलनाडु के सुलूर में संपन्न हुआ** और फ्राँस, जर्मनी, स्पेन तथा यूनाइटेड किंगडम सहित चार देशों ने अपने उपकरणों के साथ भाग लिया।
    - लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH), **लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (LUH)**, ट्रेनर HTT- 40 और **एरोबैटिक हेलीकॉप्टर टीम, सारंग (Sarang)** ने सुलूर वायु सेना स्टेशन के ऊपर हवाई प्रदर्शन में उड़ान भरी।
- **दूसरा चरण 1 से 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में आयोजित** किया जाएगा और इसमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ग्रीस, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका एवं 18 पर्यवेक्षक देश भाग लेंगे।

और पढ़ें: भारत के 5G लड़ाकू विमान और LCA तेजस, तरंग शक्ति, भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tarang-shakti-to-be-made-a-biennial-event